रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12042022-235043
CG-DL-E-12042022-235043

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 281] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 11, 2022/चैत्र 21, 1944
No. 281] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 11, 2022/CHAITRA 21, 1944

## वित्त मंत्रालय

**(आर्थिक कार्य विभाग)**

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 अप्रैल, 2022

**सा.का.नि. 295(अ).**—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड़) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और सिक्का निर्माण (श्री गुरु तेग बहादुर जी की 400वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए सिक्का जारी करना) नियम 2021 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण **(श्री गुरु तेग बहादर जी का 400 वर्षीय प्रकाश गुरुपर्व के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना)** नियम, 2022 है।

(2) ये उनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **सिक्के का अंकित मूल्य.- "श्री गुरु तेग बहादर जी का 400 वर्षीय प्रकाश गुरुपर्व"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन, जारी करने के लिए टकसाल में चार सौ रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के का निर्माण किया जायेगा।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.-** नियम 2 में उल्लिखित मूल्यवर्ग का सिक्का, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होगा, अर्थात् : -

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकृति और बाह्य व्यास | दांतेदार किनारे की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| चार सौ रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | **चतुर्थक मिश्र धातु**<br>चाँदी-50 प्रतिशत<br>तांबा-40 प्रतिशत<br>निकल-05 प्रतिशत<br>जस्ता- 05 प्रतिशत |

**4. डिज़ाइन.–** सिक्के का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुसार होगा।

**5. मानक भार तथा अनुज्ञात उपचार.–** उपरोक्त मूल्यवर्ग के सिक्के का मानक भार और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट होगा ।

**प्रथम अनुसूची**
**(नियम 4 देखें)**

**चार सौ रुपये**

**अग्र भाग:** सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बांई परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दांई परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा और सिंह शीर्ष के नीचे रुपया का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"400"** भी होगा।

**पृष्ठ भाग:** सिक्के के इस भाग के मध्य में गुरुद्वारा गुरु के महल, अमृतसर का चित्र होगा । गुरुद्वारे को घेरते हुए दो तलवारों का चित्र होगा । गुरुद्वारे के चित्र के नीचे पंजाबी में **"400 ਸਾਲਾ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਗੁਰਪੁਰਬ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਜੀ"** पाठ के साथ एक रिबन होगा । इसके अतिरिक्त गुरुद्वारे के चित्र के साथ पंजाबी में **"ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਗੁਰੂ ਕੇ ਮਹਿਲ, ਸ੍ਰੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ"** लिखा होगा और गुरुद्वारे के चित्र के ऊपर पंजाबी में **"ਪ੍ਰਗਟ ਭਏ ਗੁਰ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ | ਸਗਲ ਸ੍ਰਿਸਟਿ ਪੈ ਢਾਪੀ ਚਾਦਰ"** लिखा होगा । सिक्के की ऊपरी परिधि पर हिन्दी में **"श्री गुरु तेग बहादर जी का 400 वर्षीय प्रकाश गुरुपर्व"** और निचली परिधि में अंग्रेजी में **"400th BIRTH ANNIVERSARY OF SRI GURU TEGH BAHADUR JI"** अंकित होगा। गुरुद्वारा गुरु का महल, अमृतसर के चित्र के नीचे अन्तरराष्ट्रीय अंको में वर्ष 1621-2021 लिखा होगा ।

## दूसरी अनुसूची
## (नियम 5 देखें)

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक भार | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | धातु संयोजन में | मानक भार में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| चार सौ रुपये | 35 ग्राम | चाँदी के लिए 1/500 जमा या घटा अर्थात रजत का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा। | 1/100 जमा या घटा अर्थात् भार 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है। |

[फा. सं. 02/03/2021-सिक्का]

मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th April, 2022

**G.S.R. 295 (E).**—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011) and in supersession of the Coinage (Issue of Commemorative Coin to commemorate the occasion of 400th Birth Anniversary of Sri Guru Tegh Bahadur Ji) Rules, 2021, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

**1. Short title and commencement.—(1)** These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of 400th Birth Anniversary of Sri Guru Tegh Bahadur Ji) Rules, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Denomination of Coin. -** The coin of Four Hundred Rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate on the occasion of **"400th Birth Anniversary of Sri Guru Tegh Bahadur Ji".**

**3. Dimension and composition of coin.-** The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

| Denomination of the coin | Shape and outside diameter | Number of Serrations | Metal Composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Four Hundred Rupees | Circular<br>44 millimeters | 200 | **Quaternary Alloy**<br>Silver - 50 Percent<br>Copper - 40 Percent<br>Nickel - 05 Percent<br>Zinc - 05 Percent |

**4. Design-** The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

**5. Standard weight and remedy allowed–** The standard weight of the coin of above denomination and the remedy allowed in making of the coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

**The First Schedule**
**(See rule 4)**

**FOUR HUNDRED RUPEES**

**OBVERSE:** This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word **"INDIA"** in English. It shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value **"400"** in International Numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:** This face of the coin shall bear the image of **"Gurudwara Guru Ka Mahal, Amritsar"** in the centre. Two swords are encompassing the image of gurudwara. A ribbon label with text **"400 ਸਾਲਾ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਗੁਰਪੁਰਬ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਜੀ"** in Panjabi is flanked below the image of Gurudwara. Further, the Text "**ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਗੁਰੂ ਕੇ ਮਹਿਲ, ਸ੍ਰੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ"** in Panjabi is inscribed besides the image of the Gurudwara and the text "**ਪ੍ਰਗਟ ਭਏ ਗੁਰ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ | ਸਗਲ ਸ੍ਰਿਸਟਿ ਪੈ ਢਾਪੀ ਚਾਦਰ"** in Panjabi is inscribed on top of the image of the Gurudwara. On the upper periphery of the coin, the inscription "**श्री गुरु तेग बहादर जी का 400 वर्षीय प्रकाश गुरुपर्व"** in Hindi is depicted and on lower periphery of the coin, the inscription **"400th BIRTH ANNIVERSARY OF SRI GURU TEGH BAHADUR JI"** in English is depicted. The year 1621- 2021 in international numerals will be written below the image of the Gurudwara Guru Ka Mahal, Amritsar.

**The Second Schedule**
**(See rule 5)**

| Denomination of coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Four Hundred Rupees | 35 Grams | 1/500$^{th}$ plus or minus for silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | 1/100$^{th}$ plus or minus that is to say weight could be from 34.65 grams to 35.35 grams. |

[F. No.02/03/2021-Coin]

MANISHA SINHA, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.